## खबर संक्षेप

### ग्राम स्तरीय प्रशिक्षण 18 से 21 सितंबर तक

**शहडोल।** जनपद पंचायत गोहपारू अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर आदि कर्मयोगी अभियान का प्रशिक्षण 18 सितंबर से 21 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देशन, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सौम्या आनंद के मार्गदर्शन एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास आनंद राय सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित होगा। अभियान के ब्लॉक नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत सीईओ सुधीर कुमार दिनकर ने बताया कि यह प्रशिक्षण जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में हो रहा है। इसका उद्देश्य ग्राम स्तर पर पदस्थ फील्ड फंक्शनरीज और फ्रंटलाइन वर्कर्स को योजनाओं, कार्यप्रणाली और कौशल से अवगत कराना है। ब्लॉक समन्वयक एवं अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ने जानकारी दी कि प्रतिभागियों को विभिन्न मॉड्यूल्स और ग्राम विकास योजनाओं पर मार्गदर्शन दिया जाएगा, जिससे वे बेहतर कार्ययोजना तैयार कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुश्री काजोल सिंह कर रही हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभागों के ग्राम स्तरीय कर्मचारी प्रशिक्षण में सक्रिय रूप से शामिल होकर अभियान को सफल बनाएं।

### आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा का हुआ शुभारंभ



**शहडोल।** आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड नंबर 29 क्रमांक 3 में पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ पर्यवेक्षक श्रीमती वर्षा पांडे के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर एक जागरूकता रैली का आयोजन भी किया गया, जिसमें महिलाओं और वार्डवासियों को पोषण, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। रैली के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा, स्वस्थ महिला - सशक्त परिवार जैसे संदेश दिए गए। कार्यक्रम में महिलाओं को संतुलित आहार, स्वच्छता, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी गईं। पर्यवेक्षक श्रीमती वर्षा पांडे ने पोषण पखवाड़ा के महत्व को रेखांकित करते हुए सभी से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीरा यादव, ममता द्विवेदी, प्रमिला श्रीवास्तव, लक्ष्मी दाहिया, कृष्णा यादव, रेनू मिश्रा, सहायिका आरती कोरी, मातृ सहयोगिनी समिति की अध्यक्ष नीलम कुशवाहा, जनप्रतिनिधि सहित गर्भवती महिलाएं, धात्री माताएं, किशोरियां और बालिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में सहभागिता कर सभी ने पोषण युक्त जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

### इंजीनियरिंग कॉलेज शहडोल में विश्वकर्मा पूजन का आयोजन



**शहडोल।** विश्वकर्मा भगवान की जयंती के अवसर पर इंजीनियरिंग कॉलेज शहडोल के वर्कशॉप परिसर में भव्य विश्वकर्मा पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चारण और हवन के साथ हुई। इसके बाद वर्कशॉप में रखी सभी मशीनों की साफ-सफाई कर पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं ने भगवान विश्वकर्मा के आदर्शों को अपने जीवन और अध्ययन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## अवैध लकड़ी पर कार्रवाई करने गई वन टीम पर हमला

# सर्च वारंट फाड़े, आरोपी बेखौफ, प्रशासन मौन









शहडोल।

जिले में अवैध लकड़ी कारोबारियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब वे सरकारी अमले पर भी हाथ उठाने से नहीं हिचक रहे। जयसिंहनगर वन परिक्षेत्र के मंहदेवा गांव में रविवार को उस समय हंगामा मच गया जब अवैध रूप से काटकर रखी गई कीमती लकड़ी को जब्त करने पहुंची वन विभाग की टीम पर ग्रामीणों ने धावा बोल दिया। आरोपियों ने न केवल धक्का-मुक्की की बल्कि सरकारी दस्तावेज तक फाड़ डाले।

### सर्च वारंट फाड़े, गालियां दीं

जानकारी के अनुसार, वन विभाग की टीम जब महदेवा गांव में आरोपी सुरेंद्र यादव के घर छापा मारने पहुंची तो वहां बड़ी मात्रा में जंगल से काटी गई इमारती लकड़ी बरामद की गई। टीम जैसे ही जप्ती की कार्रवाई कर रही थी, आरोपी सुरेंद्र यादव और उसके परिजन भडक़ उठे। सुरेंद्र ने टीम के सामने ही सर्च वारंट और जब्ती दस्तावेज फाड़ दिए। इतना ही नहीं, उसने परिजनों के साथ मिलकर वन कर्मियों से गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की।

### वनकर्मियों पर हमला, वीडियो वायरल

घटनास्थल पर मौजूद वनकर्मियों ने जब आरोपियों के हंगामे का वीडियो बनाया तो स्थिति और बिगड़ गई। आरोपी और भी उग्र हो गए और सरकारी अमले पर हाथ उठाने तक की कोशिश की। मारपीट की इस पूरी घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो ने विभागीय कार्यप्रणाली और प्रशासन की गंभीर लापरवाही को उजागर कर दिया है।

### पुलिस में मामला दर्ज, पर अधूरी कार्रवाई

वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई रोक दी और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी सुरेंद्र यादव समेत पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि, सवाल यह उठता है कि जब वनकर्मियों पर हमला हुआ और दस्तावेज फाड़े गए, तो केवल साधारण मामला दर्ज कर कार्रवाई क्यों की गई? क्या यह सीधे-सीधे सरकारी काम में बाधा और हमला नहीं है? ऐसे मामलों में कड़ी धाराओं के तहत गिरफ्तारी होना चाहिए थी, लेकिन प्रशासन का ढीला रवैया माफियाओं के हौसले और बढ़ा रहा है।

### अवैध लकड़ी का गोरखधंधा

स्थानीय लोगों का कहना है कि महदेवा समेत आस-पास के गांवों में लंबे समय से अवैध लकड़ी का कारोबार चल रहा है। जंगलों से कीमती इमारती लकड़ी काटकर गांवों में जमा की जाती है और फिर काले बाजार में बेच दी जाती है। इसमें स्थानीय प्रभावशाली लोगों की मिलीभगत होने की बातें भी सामने आती रही हैं। विभाग को इन गतिविधियों की जानकारी होते हुए भी बड़े पैमाने पर कार्रवाई शायद ही कभी की गई। यही वजह है कि आरोपी अब खुलेआम वनकर्मियों पर हमला करने लगे हैं।

### विभागीय मिलीभगत पर उठे सवाल

ग्रामीणों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि वन विभाग के निचले स्तर से लेकर बड़े अफसरों तक की मिलीभगत के बिना यह कारोबार संभव नहीं है। सवाल यह भी उठ रहा है कि यदि वनकर्मियों पर हमला हुआ तो विभाग ने तात्कालिक सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की? क्या आरोपी इतने रसूखदार हैं कि विभाग उन पर हाथ डालने से डर रहा है?

### प्रशासन और सरकार की नाकामी

वन विभाग के अधिकारियों का दावा है कि उन्होंने कानून के मुताबिक कार्यवाही की है, लेकिन हकीकत यह है कि माफियाओं के खिलाफ अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रदेश सरकार बार-बार जंगल और पर्यावरण संरक्षण की बातें करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर हालात इसके विपरीत हैं। जंगलों की कटाई रोकने का जिम्मा संभालने वाले वनकर्मी खुद असुरक्षित हैं। सवाल यह भी है कि जब सरकारी अमले को ही सुरक्षा नहीं है तो आम नागरिकों का क्या होगा?

### कानून व्यवस्था पर खतरा

यह घटना केवल वन विभाग तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। जब आरोपी सरकारी दस्तावेज फाड़ सकते हैं और सरकारी कर्मचारियों को धमका सकते हैं, तो इसका सीधा मतलब है कि उन्हें प्रशासन और पुलिस का कोई डर नहीं है। यह स्थिति जंगलों की सुरक्षा के साथ-साथ आम जनता की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों और जागरूक नागरिकों में आक्रोश है। उनका कहना है कि वन विभाग और पुलिस की ढीली कार्रवाई ही माफियाओं को संरक्षण दे रही है। लोगों की मांग है कि इस मामले में सिर्फ नाम मात्र का मामला दर्ज कर खानापूर्ति न की जाए, बल्कि आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

### कब तक बचेगा जंगल?

महदेवा की यह घटना कोई पहली नहीं है। जिले में आए दिन अवैध कटाई और लकड़ी की तस्करी की खबरें आती रहती हैं। लेकिन जिम्मेदार विभाग हर बार या तो चुप्पी साध लेता है या आधी-अधूरी कार्रवाई करके मामले को रफा-दफा कर देता है। यदि समय रहते इन पर लगाम नहीं कसी गई, तो जंगल का नामोनिशान मिटने में देर नहीं लगेगी और वन संपदा को बचाना केवल कागजी दावा बनकर रह जाएगा। महदेवा गांव की यह घटना साफ करती है कि जिले में अवैध लकड़ी माफिया अब बेकाबू हो चुके हैं। यदि प्रशासन ने अब भी कठोर कदम नहीं उठाए, तो जंगल, वन्यजीव और सरकारी तंत्र तीनों ही खतरे में पड़ जाएंगे।

## फर्जी झोलाछाप डॉक्टरों का बोलबाला

### स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से लोगों की जान पर संकट



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी मुख्यालय सहित आस-पास के ग्रामीण अंचलों में फर्जी झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं। बिना डिग्री और बिना योग्यता के ये लोग निजी क्लीनिक, छोटे अस्पताल और दवा दुकानों को अस्पताल का रूप देकर ग्रामीणों का बेधड़क इलाज कर रहे हैं। सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली और जिम्मेदारों की चुप्पी ने ग्रामीणों को इन फर्जी चिकित्सकों के भरोसे मरने-मिटने के लिए छोड़ दिया है। ग्राम पंचायत मऊ में बंगाली झोलाछाप डॉक्टर अमित सरकार मकान किराए पर लेकर अस्पताल जैसी सुविधा चला रहा है। ग्रामीणों के अनुसार, उसके गलत इलाज और इंजेक्शन लगाने से कई मरीजों की जान जा चुकी है। शिकायतों के बाद भी प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई करना जरूरी नहीं समझा। इसी तरह नगर के बीच बिछिया टोला स्थित मोती मेडिकल ने मेडिकल दुकान को अस्पताल का रूप दे दिया है। यहाँ दवाइयों की बिक्री के साथ-साथ मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभागीय अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। सबसे खतरनाक स्थिति पोड़ी कला गांव में है, जहां एक बंगाली डॉक्टर ने जमीन खरीदकर दो मंजिला अस्पताल बना लिया है। यहाँ दर्जनभर बिस्तरों पर मरीज भर्ती होते हैं और हर मर्ज का इलाज किए जाने का दावा किया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि इन झोलाछापों की लापरवाही से कई मौतें हो चुकी हैं, लेकिन स्वास्थ्य विभाग का अमला कार्रवाई करने के बजाय सांठगांठ कर अपनी जेब गर्म कर रहा है। सवाल यह उठता है कि जब जिले के प्रभारी मंत्री खुद स्वास्थ्य मंत्री और उपमुख्यमंत्री हैं, तब भी शहडोल जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की यह दुर्दशा क्यों है?

## संभाग में रेत माफियाओं का बोलबाला दिनदहाड़े हो रहा अवैध उत्खनन

शहडोल।




बरसात के दौरान 15 जून से 15 अक्टूबर तक रेत खनन पर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और राज्य शासन की सख्त रोक है। नियम के मुताबिक कंपनियां केवल पुराने स्टॉक से ही रेत बेच सकती हैं। लेकिन हकीकत यह है कि शहडोल संभाग में अवैध रेत उत्खनन धंधे के रूप में जमकर चल रहा है। माफिया न सिर्फ रात में, बल्कि अब दिनदहाड़े भी घाटों को खोद रहे हैं और पुलिस-प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। कोतवाली, बुढ़ार, अमलाई, ब्यौहारी, जयसिंहनगर, गोहपारू, केशवाही और जैतपुर थाना क्षेत्रों के दर्जनों घाटों पर जेसीबी और ट्रैक्टर-ट्रॉली से रेत निकाली जा रही है। बुढ़ार क्षेत्र के बटली और जरवाही घाट, हड़हा, सोनबरसा और सेमरा में यह कारोबार सबसे ज्यादा सक्रिय है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले चोरी-छिपे खनन होता था, अब माफिया खुलेआम काम कर रहे हैं।

### रोजाना ट्रकों में आपूर्ति

धनपुरी, बुढ़ार और खैरदामिनी क्षेत्र से रोजाना दर्जनों ट्रक और मेटाडोर रेत लेकर निकलते हैं। अमलाई स्थित ओरियंट पेपर मिल तक इसकी सीधी सप्लाई होती है। मशीनों की आवाज और ट्रकों की आवाजाही यह साबित करने के लिए काफी है कि पुलिस और खनिज विभाग सबकुछ जानते हुए भी चुप हैं।

### संदिग्ध भूमिका में जिम्मेदार

खनिज अधिकारी शायद ही कभी मौके पर पहुंचते हैं। क्षेत्र में चर्चाएं हैं कि पुलिस का एक वर्ग साप्ताहिक वसूली तय कर माफियाओं को संरक्षण दे रहा है। यही कारण है कि एसडीओपी धनपुरी विकास पांडे द्वारा की गई छिटपुट कार्रवाई भी बेअसर रही और कारोबार जस का तस जारी है।

### जैतपुर-केशवाही में भी गोरखधंधा

बुढ़ार-धनपुरी ही नहीं, जैतपुर और केशवाही इलाके में भी दिन-भर जेसीबी और ट्रैक्टरों की आवाजाही देखी जा सकती है। ग्रामीणों का आरोप है कि विरोध करने पर माफिया खुलेआम धमकी देते हैं। इस अवैध खनन से सरकारी खजाने को करोड़ों का राजस्व नुकसान हो रहा है। नीलामी प्रक्रिया से मिलने वाली राशि माफियाओं की जेब में जा रही है। वहीं घाटों की सतह नीचे जाने से जलस्तर घट रहा है और मिट्टी कटाव की समस्या और गंभीर होती जा रही है।

### कानून-व्यवस्था पर असर

रेत का धंधा अब आपराधिक तत्वों का गढ़ बन चुका है। संरक्षण मिलने से माफिया ताकतवर हो गए हैं और सामाजिक माहौल बिगड़ रहा है। आम लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। प्रदेश सरकार भले सख्त कानूनों की बात करे, लेकिन शहडोल संभाग की तस्वीर इसके उलट है। अधिकारियों की चुप्पी उनकी संलिप्तता को दर्शाती है। यदि समय रहते इस गोरखधंधे पर रोक नहीं लगी, तो राजस्व, पर्यावरण और कानून-व्यवस्था—तीनों पर भारी संकट आना तय है।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर भाजपा ने चलाया सेवा पखवाड़ा

# रक्तदान व स्वच्छता अभियान का हुआ आयोजन

शहडोल।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला के तत्वाधान में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय शहडोल में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जयसिंहनगर क्षेत्र की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने फीता काटकर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मिश्रा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने की।इस अवसर पर अतिथियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। भाजपा युवा मोर्चा के नेतृत्व में आयोजित रक्तदान शिविर में 27 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इसमें विशेष रूप से सोहागपुर व शहडोल नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सुबह से ही जिलेभर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों व मंदिर परिसरों की साफ-सफाई कर प्रधानमंत्री के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया। शहडोल नगर में झूला पुल स्थित बूथ, आंगनबाड़ी केंद्र तथा घरौला नाथ हनुमान मंदिर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र मिश्रा, जिला महामंत्री अमित मिश्रा, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी, सोहागपुर मंडल अध्यक्ष मृदुल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ महिलाओं के स्वास्थ्य पर रहेगा फोकस

शहडोल।





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा धार जिले के पीएम मित्र पार्क से राष्ट्रव्यापी सेवा पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ किया गया, जिसका सीधा प्रसारण जिले की ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में देखा गया। जिले में सेवा पखवाड़ा की शुरुआत जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने कुशाभाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय परिसर, शहडोल से की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि जब सेहतमंद होगी नारी, तभी विकसित भारत की तैयारी पूरी हो सकेगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में यह अभियान प्रारंभ हुआ है। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिले भर में व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें महिलाओं, किशोरियों और बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार होगा। विधायक ने बताया कि प्रदेश सरकार समाज के अंतिम छोर तक बैठे व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। जनजातीय समाज के उत्थान हेतु पीएम जनमन योजना, धरती आबा, कर्मयोगी अभियान, पीएम स्वनिधि जैसी योजनाएं संचालित हैं। वहीं महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लखपति दीदी, ड्रोन दीदी, लाड़ली बहना योजना और कौशल उन्नयन कार्यक्रम भी लागू हैं।

जिला योजना समिति की सदस्य श्रीमती अमिता चपरा ने कहा कि समर्थ बेटी समाज और राष्ट्र की दिशा तय करती है। उन्होंने उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत योजना और मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों के जरिए महिलाओं को मिल रही सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने महिलाओं से स्वास्थ्य शिविरों में अवश्य भाग लेने की अपील की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि जिले के सभी 271 स्वास्थ्य केन्द्रों पर 15 दिनों तक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर होंगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और सिविल अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सक भी सेवाएं देंगे। इस दौरान कैंसर, सिकल सेल, टीबी, कुष्ठ रोग, मानसिक रोग, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और गर्भवती माताओं की जांच जैसी गतिविधियां संचालित होंगी। कार्यक्रम को श्रीमती निभा गुप्ता एवं अमित मिश्रा ने भी संबोधित किया। संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय ने किया।

# जनपद पंचायत बुढार में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का शुभारंभ



**बुढार।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनिया के मरखी देवी मंदिर प्रांगण में मंगलवार 17 सितंबर को स्वच्छता ही सेवा 2025 कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक जयसिंह मरावी ने श्रमदान कर प्रांगण की साफ-सफाई से किया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत बुढार के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक शासन द्वारा यह विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। विधायक श्री मरावी ने उपस्थित जन समुदाय को स्वच्छता शपथ दिलाई और अपने उद्बोधन में पर्यावरण हितैषी सामग्री जैसे दोना-पत्तल, मिट्टी के दिये आदि के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग कर हम आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण दे सकते हैं।

कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जैतपुर ने सभी से अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवम त्रिपाठी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी का कर्तव्य है और इसके लिए प्लास्टिक के प्रयोग को बंद करना होगा। अभियान में सचिन श्रीवास्तव (ब्लॉक समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण), डॉ. ओम त्रिपाठी, शिव तिवारी, सनी तिवारी, अर्जुन बारगाही, कमलेश सिंह, पूर्व अध्यक्ष दिनेश साहू, सरपंच, सचिव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### मनाया गया उमंग दिवस

**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** शुक्रवार 12 सितंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोरसी में उमंग दिवस मनाया गया। संस्था के प्राचार्य श्री भीम सेंन युक्ता सहित समस्त स्टाफ के द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शिक्षकों द्वारा छात्र/छात्रा को को अपने स्वास्थ्य पर किस तरह ध्यान दें जैसी बातों को समझाया गया साथ ही जीवन कौशल शिक्षा हमारे जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है फोर इससे हम अपनी समस्याकों और तनाव को किस तरह दूर करते हैं। पर प्रकाश डाला गया। संस्था में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें वाद-विवाद, चित्रकला समंब्दी, रंगोली सहित अन्य प्रतियोगिताएं करवाई गईं तथा विद्यार्थियों को पुरुस्कृत किया गया।

### शिव सराफ बने भारतीय हिंदू महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष



**हरिभूमि न्यूज जैतहरी।** भाजपा नेता स्वर्णकार समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं वैश्य महासम्मेलन मध्य प्रदेश अनूपपुर के युवा जिला अध्यक्ष शिव सराफ को राष्ट्रीय हिंदूवादी संगठन भारतीय हिंदू महासंघ का प्रदेश उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश बनाया गया है नियुक्ति पत्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विशाल ठाकुर की सहमति से सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष एलएल .सोनी ने प्रदान किया है शिव सराफ ने बताया कि भारतीय हिंदू महासंघ हिंदुओं में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करने एवं उनके हितों की रक्षा के लिए कार्य करता है संगठन का उद्देश्य विभिन्न जाति वर्गों में बटे हिंदुओं को एकता के सूत्र में बांधना है और उन्हें संगठित करना है। प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर भाजपा पदाधिकारी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोगों वा मित्रो ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### भाजपा मण्डल ने आयोजित किया स्वच्छता अभियान



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर मंडल कोतमा द्वारा सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की गई। इस अवसर पर विविध सामाजिक एवं जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। स्वास्थ्य केंद्र कोतमा में स्वच्छता अभियान एवं फल वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष नगर पालिका, मंडल पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में स्वच्छता अभियान चलाकर की गई। जगह जगह सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कन्या स्कूल एवं छात्रावास में भी सफाई अभियान चला। आसपास के लोगों से भी स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। अस्पताल एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में मरीजों और जरूरतमंद लोगों के बीच फल वितरण किया गया। फल वितरण के दौरान मरीजों एवं परिजनों के चेहरों पर खुशी देखी गई। कार्यकर्ताओं नाम कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सेवा और राष्ट्रहित को समर्पित है। उनके जन्मदिवस पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर समाज में सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया जा रहा है। जो पूरे 15 दिनों तक चलेंगे। कार्यक्रम में नपा अध्यक्ष अजय सराफ, अवधेश प्रसाद ताम्रकार हनुमान गर्ग, मुनेश्वर पांडे, दीपेश जैन, दीपक चंदेरिया एवं महिलाए, जनप्रतिनिधियों एवं नगर के गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

### अमरकंटक में एक पेड़ माँ के नाम स्वच्छता ही सेवा अभियान का शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** अमरकंटक में "एक पेड़ माँ के नाम स्वच्छता की सेवा" विशेष अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक रामघाट के दक्षिण तट पर पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वन एवं पर्यावरण विभाग, मध्य प्रदेश के प्रभारी मंत्री दिलीप परिवार, जिला अध्यक्ष अनूपपुर हीरा सिंह श्याम, तथा नगर पालिका अध्यक्ष अमरकंटक श्रीमती पार्वती सिंह उपस्थित रहीं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने सामूहिक रूप से पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।



## एससी-एसटी एक्ट की अनदेखी, शिक्षक पर जांच पूरी गंभीर अपराध साबित, फिर भी कार्रवाई शून्य

# शिक्षक ने रचा आदिवासियों का आर्थिक नरसंहार

**आदिवासी समुदाय से जुड़ा एक गंभीर मामला जांच में उजागर हुआ है। प्राथमिक शिक्षक अजयधर द्विवेदी पर अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के ग्रामीणों को ऊंचे ब्याज पर कर्ज देने, चेक बाउंस कर धमकाने और फर्जी मुकदमों में फंसाने जैसे संगीन आरोप साबित पाए गए हैं। जांच समिति की रिपोर्ट में साफ कहा गया कि यह कृत्य एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत अपराध है।**

शहडोल।

आदिवासी अंचल से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने पूरे तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। मामला एक प्राथमिक शिक्षक अजयधर द्विवेदी से जुड़ा है, जिस पर अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के ग्रामीणों से ऊंचे ब्याज पर कर्ज देने, चेक बाउंस कराकर मानसिक प्रताडऩा देने और फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगे हैं। यह मामला प्रकाश में तब आया जब कुछ पीड़ितों ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को लिखित शिकायत की। जांच के लिए गठित समिति में उमेश तिवारी (सहायक ग्रेड-3), त्रिवेणी सिंह, बद्री प्रसाद द्विवेदी और ललित कुमार पांडे को शामिल किया गया। समिति ने कई शपथ पत्र, बैंक चेक और गवाहों के बयान दर्ज कर पूरे प्रकरण की जांच की।

### शिकायत से जांच तक का सफर

सबसे पहले अरुण कुमार बैगा और प्रमोद प्रसाद बैगा ने आरोप लगाए कि अजयधर द्विवेदी ने उनसे लाखों रुपये ब्याज पर लिए और समय पर चुकाने के बावजूद दोगुनी-तिगुनी राशि की मांग की। अरुण बैगा ने तो यहां तक कहा कि उन्हें हर माह 20 से 25 हजार रुपये ब्याज चुकाना पड़ा। जबकि प्रमोद प्रसाद बैगा ने शपथ पत्र में कहा कि 2 लाख रुपये का कर्ज लेने के बाद ब्याज और दबाव में उन्हें करीब 5 लाख रुपये लौटाने पड़े। इसी तरह, पप्पू सिंह सियाराम सिंह गोंड ने बताया कि उन्होंने 50 हजार रुपये का कर्ज लिया, लेकिन ब्याज और दबाव में रकम 5 लाख तक पहुंच गई। जब भुगतान में देरी हुई तो चेक बाउंस कर अदालत में केस ठोक दिया गया।

### जांच में यह हुआ खुलासा

जांच समिति के तथ्य जो सामने आए, वे किसी को भी झकझोर सकते हैं, अजयधर द्विवेदी जो प्राथमिक शिक्षक हैं, अपनी हैसियत और पद का दुरुपयोग कर आदिवासी समुदाय के लोगों को कर्ज देते रहे। यह कर्ज सामान्य ब्याज पर नहीं, बल्कि बेहद ऊंचे ब्याज पर दिया गया, जो मनीलेंडिंग एक्ट और सेवा नियमों दोनों का उल्लंघन है। ब्याज की रकम न देने पर आदिवासी परिवारों से चेक पर हस्ताक्षर कराए गए और बाद में उन्हीं चेकों को बाउंस दिखाकर न्यायालयीन कार्यवाही शुरू कर दी गई। पीड़ितों ने साफ कहा कि अजयधर द्विवेदी उन्हें सामाजिक रूप से अपमानित करते रहे और झूठे केस में फंसाने की धमकी भी दी। समिति ने यह भी माना कि यह कृत्य न केवल सरकारी सेवक के आचरण नियमों के खिलाफ है बल्कि अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत अपराध है।

### कोर्ट और कलेक्टर तक मामला

जांच रिपोर्ट में साफ लिखा गया कि अजयधर द्विवेदी के खिलाफ अनुसूचित जाति थाना और पुलिस अधीक्षक को विस्तृत सूचना दी जाए और विभागीय कार्रवाई शुरू हो। कलेक्टर ने भी इस मामले में कार्रवाई के आदेश दिए, लेकिन हैरानी की बात यह है कि महीनों बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। सूत्रों का कहना है कि मामला दबाने के लिए पैसों का लेनदेन हुआ है। यही वजह है कि इतने गंभीर आरोप साबित होने के बावजूद न तो गिरफ्तारी हुई और न ही विभागीय स्तर पर निलंबन।

### पीड़ित परिवारों की दुहाई

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो वे आत्महत्या करने को मजबूर होंगे। उनका आरोप है कि शिक्षक जैसे पद पर बैठा व्यक्ति आदिवासियों का शोषण कर रहा है और पूरा सिस्टम आंख मूंदकर बैठा है।

### सिस्टम की चुप्पी पर सवाल

जांच रिपोर्ट ने इस मामले की परतें खोल दी हैं। साफ है कि शिक्षक अजयधर द्विवेदी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए आदिवासी समुदाय के साथ आर्थिक शोषण किया। रिपोर्ट में एससी-एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की अनुशंसा भी की गई, लेकिन सिस्टम की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। अब देखना है कि शासन-प्रशासन कब जागता है और पीड़ितों को न्याय कब तक मिलता है।



## स्वच्छता पखवाडा के तहत पौधे रोपकर लिया गया सुरक्षा का संकल्प

**उमरिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस पर प्रारंभ हुए स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह , कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ने पौधरोपण किया तथा उसकी सुरक्षा का संकल्प लिया । विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने कहा कि पौध वातावरण को शुध्द रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं। सभी जन पौधों का रोपण करते हुए उसकी सुरक्षा का संकल्प लें । एक बच्चे की भांति उसकी देखभाल करें तभी हमारी पौधरोपण करने की सार्थकता सिध्द होगी । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि पौधरोपण करने से जहां हमे आक्सीजन प्राप्त होती है, वहीं दूसरी ओर औषधियां,फल,लकडियां इत्यादि भी प्राप्त होती है । हर जिम्मेदार नागरिक को पौधारोपण करना चाहिए। क्योंकि जब यही पौधे बडे होकर एक विशाल वृक्ष बनेगे तो उनसे हमें फल फूल एवं औषधियां प्राप्त होगी। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष अमृताल यादव, आशुतोष अग्रवाल, मिथिलेश मिश्रा, दीपक छत्तवानी, राकेश शर्मा सहित पार्षदगणों ने भी पौधरोपण किया ।

## नारी के स्वस्थ रहने पर ही समाज स्वस्थ रहेगा: विधायक

### जिला अस्पताल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम संपन्न






उमरिया।

नारी की पूजा सनातन काल से होती आ रही है। नारी के स्वस्थ रहने पर परिवार, समाज स्वस्थ रहता है। इसी उद्देश्य के साथ स्वस्थ नारी स्वास्थ्य परिवार का पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इस आशय के विचार विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने जिला अस्पताल परिसर में आयोजित स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री ने नारी को सशक्त बनाने के लिए यह अभियान संचालित किया है। जिस घर मे नारी होती है, वहाँ स्वयं लक्ष्मी का वास होता है। नारी के स्वस्थ रहने पर ही परिवार, समाज , राष्ट्र का कल्याण हो सकता है। उन्होने अपील करते हुए कहा कि सभी महिलाएं आयोजित होने वाले शिविरो का निश्चित रूप से लाभ लें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि स्वस्थ नारी सशक्त परिवार पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। पखवाड़े के दौरान महिलाओं के विभिन्न गंभीर रोगों की जांच की जाएगी। शिविर में विभिन्न विषय विशेषज्ञों को बुलाया जाएगा, उनके माध्यम से भी गंभीर रोगों की जांच होगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए यह अभियान मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं डॉ मुकुल तिवारी ने कार्यक्रम की रूप रेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन पर केक काटकर किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत, सीएमएचओ ,आशुतोष अग्रवाल, मिथिलेश मिश्रा, धनुषधारी सिंह,राकेश शर्मा,ज्ञानेंद्र सिंह, मान सिंह,दीपक छत्तवानी सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन रोहित सिंह ने किया। कार्यक्रम के पश्चात मुख्य अतिथि ने ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया ।

### स्वच्छता पखवाड़ा के शुभारंभ पर नगरवासियों के सहयोग से चलाया गया सगरा तालाब में स्वच्छता अभियान

## आओ हम सब साथ चलें-अपने नगर को स्वच्छ एवं सुंदर करें







**जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भी स्वच्छता कार्यक्रम में निभाई सहभागिता**

उमरिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर संचालित स्वच्छता पखवाड़े के पहले दिन 17 सितंबर को उमरिया नगर के लोगों के सहयोग से स्वच्छता अभियान सगरा तालाब में आयोजित किया गया। स्वच्छता अभियान में भाग लेने वाले लोगों ने आओ हम सब साथ चलें- अपने नगर को स्वच्छ एवं सुंदर करें के संकल्प के साथ हांथ मे झाडू लेकर साफ सफाई की गई। बांधवगढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक शिवनारायण सिंह ने सगरा तालाब में नगर पालिका उमरिया एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित स्वच्छता पखवाडे का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिला धार से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना गया । कार्यक्रम में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम बांधवगढ कमलेश नीरज , नगर पालिका उपाध्यक्ष अमृताल यादव , मुख्य नगर पालिका अधिकारी किशन सिंह, आशुतोष अग्रवाल, मिथिलेश मिश्रा, धनुषधारी सिंह, राकेश शर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह, मान सिंह सहित पार्षदगण, अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।



### अमरकंटक में विश्वकर्मा जयंती की धूम

**अमरकंटक।** अमरकंटक में आज विश्वकर्मा जयंती बड़े हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। शहर के विभिन्न हिस्सों में भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना हुई। कारीगरों, इंजीनियरों और मशीनरी से जुड़े लोगों ने अपने औजारों और कार्यस्थलों की पूजा कर समृद्धि, सफलता और सुरक्षा की कामना की। भगवान विश्वकर्मा को हिंदू धर्म में देव शिल्पकार, वास्तुकार और तकनीकी विद्या के अधिष्ठाता देवता के रूप में पूजा जाता है। इस अवसर पर श्रमिकों और शिल्पकारों का सम्मान किया जाता है। परंपरा के अनुसार लोग अपने औजारों को साफ करके उन पर हल्दी-चंदन लगाते हैं और भगवान विश्वकर्मा से प्रगति एवं कल्याण की प्रार्थना करते हैं। नगर के विभिन्न कार्यस्थलों, निर्माण स्थलों और फैक्ट्रियों में विश्वकर्मा पूजा के कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूजा-अर्चना के बाद भंडारे और प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। स्थानीय नागरिकों ने श्रद्धा भाव से भाग लिया और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएँ दीं।

## धूमधाम से मनाई गई भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती



कोतमा।

फैक्ट्री व संस्थानों में इंस्ट्रूमेंट की पूजा की गई। भगवान विश्वकर्मा को सृजन और निर्माण का प्रतीक माना जाता है। उनके अनुयायी विशेष रूप से कारीगर, शिल्पकार, इंजीनियर्स और विभिन्न निर्माण से जुड़े लोग होते हैं। विश्वकर्मा जयंती पर लोग अपने कल-पुर्जों, मशीनों और उपकरणों की पूजा करते हैं, ताकि उनका कार्य सुचारू रूप से चले और सफलता मिले। कोतमा नगर के विद्युत मंडल कार्यालय शासकीय अशासकीय आईटीआई संस्थान कंप्यूटर संस्थान सहित नपा के फिल्टर प्लांट मोटर गैराज व कोयलांचल क्षेत्र में वास्तु कला कौशल में सर्वश्रेष्ठ एवं श्रृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। के आई सी टी कम्प्यूटर कालेज के संचालक सी पी सिंह ने विश्वकर्मा जी के चित्र और सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप जलाकर विधि-विधान से पूजन कर और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कोतमा नगर में स्थित फैक्ट्री और संस्थानों में इंस्ट्रूमेंट की पूजा हुई, कार्य में समृद्धि की कामना की कोयलांचल क्षेत्र के जमुना भालूमाड़ा आमाडांड बरतराई कालरी में भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। लोगों ने अपने घरों में दो पहिया चार पहिया एवं बड़े वाहनों की भी पूजा अर्चना की। नगर सहित कोयलांचल क्षेत्र मे भगवान विश्वकर्मा जी की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर केल्हौरी में सेवा अभियान की शुरुआत



**हरिभूमि न्यज चचाई।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के जन्म दिवस (17 सितंबर) के अवसर पर "सेवा पखवाड़ा " कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत केल्हौरी के वार्ड क्रमांक 4 घनश्याम बाबा कांजी हाउस के पास स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच रामपाल सिंह (लहरू) सचिव संजय सिंह जनपद सदस्य समस्त पंचगण एवं सामाजिक कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग आंगनवाड़ी एवं कई ग्रामीणों के उपस्थिति में श्रमदान से सफाई स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। साथ ही देवीदाई प्रांगण, सोन नदी घाट, कूड़ेदान की सफाई सार्वजनिक स्थलों आदि जगहो पर सफाई का कार्यक्रम सभी लोगों द्वारा किया गया इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ग्राम वासियों को स्वच्छता की शपथ सचिव संजय सिंह द्वारा दिलाई गई। ग्राम पंचायत में महात्मा गांधी की पूजा अर्चना करते हुए इस अभियान की शुरुआत किया गया यह अभियान ग्राम पंचायत क्षेत्र में 2 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के रूप में मनाए जाने का संकल्प सभी लोगों द्वारा लिया गया।

**खबर संक्षेप**

### अवैध यूरिया विक्रय मामले में गोदाम प्रभारी केसरी पटेल एवं फार्मासिस्ट वरूण सिंह भी निलंबित

**ब्यौहारी।** मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद प्रत्येक किसान को खाद मिले इसको लेकर जिले के कलेक्टर फुल फॉर्म में आ गए हैं और जहां कहीं भी खाद की कालाबाजारी की सूचना मिल रही है उनमें तुरंत एक्शन ले रहे हैं लगातार हो रही कर्रवाइयों सेअब किसानों को खाद सुगमता से मिल रही इसी क्रम में डबल लाक गोदाम में गड़बड़ कर रहे गोदाम प्रभारी को निलंबित कर दिया गया डबल लाक गोदाम मंटोला से लगातार हो रही कालाबाजारी लिए जिम्मेदार गोदाम प्रभारी केसरी पटेल को कलेक्टर ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया एवं अवैध रूप से खाद ले जा रहे फार्मासिस्ट वरूण सिंह को भी कलेक्टर ने निलंबित कर दिया है क्योंकि खाद मैहर ले ले जाई जा रही थी जबकि शहडोल जिले के किसान लाइन में लगे हुए थे 69 बोरी यूरिया ले जा रही पिकअपको नायब तहसीलदार सनी द्विवेदी द्वारा पकडकर थाने में खड़ा कराया गया जहां जांच के बाद कार्रवाई की गई कलेक्टर की इस कार्रवाई का किसानों ने स्वागत किया है।

### वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान के तहत ग्राम परासी में कैंप संपन्न

**उमरिया।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सेवकराम सोनवानी ने बताया कि वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत परासी में बैंकों द्वारा कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में 5 योजनाओं में सभी पात्र लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति ,अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना तथा इनएक्टिव खातों का पुनः केवायसी करके संतृप्त किया किया जा रहा है । कार्यक्रम में,भारतीय स्टेट बैंक मानपुर के शाखा प्रबंधक आशीष राय,कियोस्क संचालक पंकज द्विवेदी एवं मुकेश पटेल, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सेवक राम सोनवानी,ग्राम सचिव, रोजगार सहायक तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी, खाताधारक सम्मिलित हुए।

### पेंशन प्रकरणों के शतप्रतिशत निराकरण के लिए शिविर प्रारंभ

**उमरिया।** जिला पेंशन अधिकारी ने बताया कि जिले में सेवानिवृत्त,दिवंगत शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों का यथा समय निराकरण कर नियमित पेंशन भुगतान सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तर पर पेंशन कार्यालयों का गठन कर यह दायित्व जिला पेंशन अधिकारियों को सौपा गया है मध्यप्रदेश सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 के अध्याय 8 के नियम 49 से 59 के अनुसार कार्यालय प्रमुखों को शासकीय सेवको के पेंशन प्रकरण उनकी सेवानिवृत्ति से छह माह पूर्व पेंशन संवितरण अधिकारी को प्रस्तुत करने के प्रावधान है। उन्होंने बताया कि पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु पेंशन शिविर आयोजित किये जाने के निर्देश प्रसारित किये गये है। जिसके पालन में जिले में माह-सितम्बर 2025 तक लम्बित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु तीन दिवसीय पेंशन शिविर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों से कहा है कि आपके कार्यालय में आज दिनांक तक लंबित पेंशन प्रकरण पेंशन कार्यालय में प्रस्तुत कर शतप्रतिशत निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत ऐतिहासिक सगरा तालाब में चला श्रमदान






**उमरिया।**

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 17 सितम्बर 2025 को नगर पालिका परिषद पाली द्वारा ऐतिहासिक सगरा तालाब परिसर में भव्य स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष सुश्री शकुंतला प्रधान एवं उपाध्यक्ष राजेश पटेल के नेतृत्व में हुई। इस अवसर पर एसडीएम अंबिकेश प्रताप सिंह, नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र सिंह जी , पटवारी राजेश प्रजापति जी , पार्षद भरत प्रजापति जी , घनश्याम कुशवाहा,जी कृष्णकांत अवधिया,जी स्वच्छता विभाग की सभापति पार्षद प्रमिला जगवानी,जी पार्षद अंजू पटेल, शहीद अहमद,उपयंत्री, SBM सब-नोडल विपिन कुमार विश्वकर्मा, स्वच्छता प्रभारी वीरेंद्र मिश्रा, विजय महतेल, MIS ऑपरेटर राजेश दुबे एवं समस्त पत्रकार बंधु,एवं नगर पालिका की संपूर्ण स्वच्छता टीम ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।लगभग दो घंटे तक चले इस श्रमदान में सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और सफाई कर्मियों ने मिलकर तालाब परिसर की सफाई कर यह संदेश दिया कि "स्वच्छता सिर्फ जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और सेवा का प्रतीक है।"कार्यक्रम के समापन अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश पटेल द्वारा सभी उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। उपस्थित जनसमूह ने संकल्प लिया कि वे न केवल तालाब, बल्कि पूरे नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में सहयोग देंगे।यह अभियान सगरा तालाब की ऐतिहासिक धरोहर को नया जीवन देने के साथ ही समाज को "स्वच्छता है सेवा" का संदेश देने में सफल रहा।



## माँ बिरासिनी सेवा समिति द्वारा माता बिरासिनी के दरबार में भव्य आयोजन की बैठक संपन्न

**बिरसिंहपुर पाली**

22 सितंबर से मां शारदे नवरात्रि प्रारम्भ हो रही है जिसमें पाली नगर के आमजन व्यापारी संघ एवम मां बिरासिनी सेवा समिति के सेवादारों द्वारा नगर में धार्मिक संस्कृति को और सनातन धर्म के सभी आयोजनों को भव्य स्वरूप देने के उद्देश्य से निरंतर प्रत्येक नवरात्रि विभिन्न आयोजन करती आ रही है इसी तारतम्य में इस नवरात्रि में क्या आयोजन होना है उसकी रूपरेखा क्या होगी इस संबंध में बैठक नगर के सिंधी धर्मशाला में आयोजित की गई।सेवा समिति की इस बैठक अनुसार बैठकी प्रथम दिवस मां अन्नपूर्णा कलश स्थापना यात्रा सुबह 10 बजे से निकलना प्रारंभ होगी। तत्पश्चात नौ दिवसीय भंडारा मां बिरासिनी मंदिर के गेट नंबर 3 से दूर दराज से आए भक्तों की सेवा में प्रारम्भ किया जवेगा।साथ ही अष्टमी छप्पन भोग।निशुल्क स्वास्थ्य सुविधा की व्यवस्था वृद्ध जनों की सेवा में ई रिक्शा की व्यवस्था सहित नवाचार किए जायेंगे। ज्ञात होवे मां बिरासिनी सेवा समिति द्वारा गरीब कन्या विवाह में उन्हें सहयोग । ब्लड की आवश्यकता पड़ने पर एक काल में ब्लड की व्यवस्था जिन बुजुर्गों को आंख की समस्या है उन्हे चस्में की व्यवस्था सहित मानवीय सेवा में सदैव आगे होती है। उक्त बैठक में पाली नगर के प्रबुद्धजनों सहित नगर के व्यापारी एवम समिति के सेवादार सम्मिल रहें।



## 8 वें राष्ट्रीय पोषण माह का किया शुभारंभ पौष्टिक व्यंजनों की लगाई गई प्रदर्शनी

**उमरिया।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी 8 वें पोषण माह 2025 का आयोजन 17 सितंबर 2025 से 16 अक्टूबर 2025 के दौरान जनआंदोलन के रूप में किया जाना है। राष्ट्रीय पोषण माह का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिला धार से वेब कास्ट के माध्यम से किया। साथ ही प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के हितग्राहियों को राशि भी जारी की गई। जिसका सीधा प्रसारण उमरिया जिले के सगरा तालाब में देखा एवं सुना गया । पोषण माह का उद्देश्य स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान एवं पोषण माह के समन्वित प्रयास से माताओं,किशोरियों एवं बच्चों के पोषण पर प्रभावी रूप से कार्य करने का उचित अवसर है। जिले की समस्त आंगनबाडी केन्द्रों में पोषण माह की गतिविधियों में मोटापा नियंत्रण, प्रारंभिक बाल्यवस्था,देखभाल एवं शिक्षा , पोषण भी पढाई भी , शिशु एवं बाल आहार प्रथाएं, पुरूष सहभागिता,स्थानीय खाद्य उत्पादों को बढावा की गतिविधि आयोजित की जाएगी । जिला मुख्यालय स्तर पर सगरा तालाब में आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाडी कार्यकर्ताओं व्दारा पोषण प्रदर्शनी का आयोजन किया गया । प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजनों को रखा गया था। प्रदर्शनी का विधायक बांधवगढ शिवनारायण सिंह, कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन,सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह,आशुतोष अग्रवाल, मिथिलेश मिश्रा,दीपक छत्तवानी, राकेश शर्मा सहित अन्य जनों ने अवलोकन किया।इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दिव्या गुप्ता सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# भाजपा मंडल पाली ने मनाया प्रधानमंत्री का जन्मोत्सव चिकित्सालय में फल वितरित कर मनाया जन्म दिवस

**बिरसिंहपुर पाली**


देश के अव्दितीय नेता , यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का 75 वा जन्म दिवस अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । भारतीय जनता पार्टी की मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा तिवारी जी के व्दारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 75 वे जन्मोत्सव पर नगर में स्वच्छता की अलख जगाने के लिए नगर की गालियों और धार्मिक स्थलों पर झाड़ू लगा कर साफ़ सफाई करने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली जाकर वहां पर उपचारार्थ मरीजों को फल वितरित कर उनके स्वास्थ्य की कामना की गयी । इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में लाइव प्रसारण कार्यक्रम में भाग लिया । मंडल अध्यक्ष श्रीमती राधा तिवारी ने बताया कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 75 वे जन्मोत्सव पर देश भर में पखवाड़ा की शुरुआत हुई है , जो 02 अक्टूबर तक मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष शंकुतला प्रधान , उपाध्यक्ष राजेश पटेल, पूर्व मंडल



अध्यक्ष चंद्रमोहन शुक्ला, पूर्व पार्षद बहादुर सिंह, पार्षद घनश्याम साकेस, भरत प्रजापति, सुरेश विश्वकर्मा , विमल अग्रवाल, संतोष सिंह वैश्य,अनुपम बारी,किशन कोरी, भोला विश्वकर्मा, कामता विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा , राजेश पटेल उर्फ लाला, टिंक्कू सोनी , राकेश पाण्डेय उर्फ दादू, ओंकार चतुर्वेदी, श्रीमती बबली यादव, श्रीमती वैशाली सिंह , श्रीमती माया उपाध्याय, श्रीमती दुर्गी प्रधान, के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महती भूमिका निभाई ।

# दशहरा एवं दुर्गा पूजन की तैयारियां प्रारंभ उपक्षेत्रीय प्रबंधक के नेतृत्व में बैठक संपन्न

**बिरसिंहपुर पाली**



सदैव की भांति इस बार भी नवरात्रि पर्व एवम दशहरा उत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनायें जाने की तैयारियां शुरू कर दी गई है । इस बाबत एक आवश्यक बैठक पिछले दिनों सामुदायिक भवन में उपक्षेत्रीय प्रबंधक सुमन कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, इस दौरान पाली उपक्षेत्र के श्रमिक संगठनों के सभी पदाधिकारियों और श्रमिकों ने बैठक में भाग लेकर इन पर्वों को बेहतर बनाने का निर्णय लिया गया। दुर्गा उत्सव और रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतला दहन कार्यक्रम बिरसिंहपुर पाली में एक लंबे समय से ऐतिहासिक रूप से मनाया जाता है उस परंपरा को कायम रखते हुए इस बार भी नवीनतम तौर पर बनाने का निर्णय लिया गया । ज्ञात हैं की पाली का ऐतिहासिक दशहरा उत्सव एस ई सी एल जोहिला क्षेत्र के पाली समूह के अधिकारियों और श्रमवीरो के सहयोग से मनाया जाता है , जिसके लिए इस पावन पर्व को बेहतर तरीके से मनाने , देखरेख के लिए समितियों बनाई गई है , यद्यपि इस वर्ष कमेटियों में कोई बदलाव नहीं किया गया, जिससे पूर्व से चली आ रही कमेटियों को ही इस वर्ष भी कार्य करने का दायित्व सौंपा गया है । दुर्गा पूजा कमेटी में अध्यक्ष खान प्रबंधक अशोक प्रधान सचिव हरे कृष्ण कोषाध्यक्ष अशोक सोनी है ,वही पर नगर के दशहरा कमेटी का कार्य पूर्व से देख रहे प्रीतम पाठक को सौंपा गया है । इस बैठक में प्रमुख रूप से उपक्षेत्रीय प्रबंधक सुमन कुमार ,खान प्रबंधक अशोक प्रधान , श्रमिक नेता अमृत लाल विश्वकर्मा , राम कुंअर प्रजापति , अशोक पाण्डेय , महेन्द्र कुमार, दिनेश पटेल,उग्रेश सिंह, रामेश्वर विश्वकर्मा,राम अवतार, शक्ति सिंह कौशल बाबू,रामफली ,राज कुमार खरे इत्यादि लोगों ने भाग लेकर इस पर्व को बेहतर और आकृषक बनाने का निर्णय लिया।

## हलकों में नहीं बैठ रहे पटवारी, काश्तकार परेशान पटवारियों के लिए लागू हो ईअटेंडेंस व्यवस्था

**ब्यौहारी**

विकासखंड के अंतर्गत पटवारीय़ों की बड़ी लापरवाही सामने आ रही ग्रामीण जनों के अनुसार पटवारी अपने हल्का क्षेत्र में नहीं बैठते हैं जिससे ग्रामीणों को प्रतिदिन ब्यौहारी आ करके अपना काम कराना पड़ता है ग्रामीण अपना किराया लगाकर आते हैं और उनका काम भी नहीं होता जब भी फोन लगाया जाता है पटवारी द्वारा यह कहा जाता है कि आज मीटिंग है इसलिए नहीं आए क्या प्रतिदिन मीटिंग होती है ग्रामीणों का कहना है कि जिस तरह से शिक्षकों की ऑनलाइन हाजिरी स्कूलों में लगती है इसी तरह से पटवारीयों की भी ऑनलाइन हाजिरी लगाने की व्यवस्था सरकार करें और जो पटवारी जिस हल्का में है उस क्षेत्र में जो पंचायत आती है दिन के अनुसार पंचायत भवन में ही उनकी हाजिरी लगे और वहीं से उनका वेतन निकले तभी पटवारी की मनमानी पर लगाम लग सकेगी क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री से मांग की है की पटवारीयों के लिए भी शीघ्र ईअटेंडेंस की व्यवस्था शुरू की जाए।

### नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार बीते दिनों शहडोल संभाग के दौरे पर रहे



**ब्योहारी।** मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार बीते दिनों शहडोल संभाग के दौरे पर रहे जहां से वह रीवा जाते वक्त ब्योहारी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व नेताओं से मुलाकात कर संवाद किया ब्योहारी पहुंचते ही उमंग सिंघार का जोरदार नारों के साथ ब्योहारी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष ने सैकड़ों कांग्रेस जनों के साथ स्वागत किया व पुरे ब्योहारी में भाजपा कुशासन में व्याप्त अव्यवस्थाओं पर ध्यान आकर्षित करवाया गया स्थानीय रेस्ट हाउस में नेता प्रतिपक्ष को पाकर उपस्थित कांग्रेस जनों ने बिजली पानी सहित कई समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा व सदन में किसानों व युवाओं की आवाज को उठाने का अनुरोध किया नेता विपक्ष के साथ आए शहडोल जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी जी व शहडोल संभाग के वरिष्ठ कांग्रेस जनों ने ब्योहारी में कार्यकर्ताओं को नये जोश व उत्साह से भर दिया कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से ब्लाक ब्योहारी व शहडोल कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे और अपने नेता प्रतिपक्ष का उमंग व उत्साह से स्वागत किया।

# राष्ट्रीय गुणाकार मुले सम्मान से वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राधेश्याम नापित को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित - महाविद्यालय बुढार में भी हुआ सम्मान

**बुढार।**

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय बुढार के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.राधेश्याम नापित को राष्ट्रीय गुणाकार मुले सम्मान म.प्र. के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भव्य कार्यक्रम के मध्य शाल,श्रीफल तथा 5 लाख की पुरस्कृत राशि देकर सम्मानित किया उनके इस उपलब्धि पर बुढार महाविद्यालय नें गरिमामय कार्यक्रम आयोजित कर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ.राधेश्याम नापित को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.राधेश्याम नापित को हिंदी दिवस पर म.प्र. शासन संस्कृति संचालनालय भोपाल द्वारा आयोजित कार्यक्रम अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने राष्ट्रीय गुणाकार मुले सम्मान से सम्मानित किया जिस पर बुढार महाविद्यालय परिवार में हर्ष व्याप्त रहा।

5 जुलाई 1972 को ग्रामींण एवं मध्यम परिवार में जन्मे डॉ राधेश्याम नापित जयसिंहनगर महाविद्यालय मे अतिथि विद्वान के पद पर अपनी शैक्षणिक सेवायें प्रारंभ की और संघर्ष करते हुये सफलता की उंचाईयों की ओर अग्रसर हुये जिन्हें राष्ट्रीय गुणाकार मुले सम्मान से सम्मानित होनें का



गौरव हासिल हुआ जो महाविद्यालय के लिये अति उपलब्धि पूर्ण रही।

म.प्र. शासन संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिवर्ष राष्ट्रीय गुणाकार मुले सम्मान हिंदी में वैज्ञानिक एवं तकनीकी लेखन तथा पाठ्य पुस्तकों में लेखन के लिए प्रदत किया जाता है और वर्ष 2024 के इस अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित होने का गौरव अर्जित कराया जाता है। इसका गौरव डॉ. राधेश्याम नापित को अर्जित हुआ। राष्ट्रीय 'गुणाकार मुले सम्मान' डॉ. राधेश्याम नापित को वैज्ञानिक की कार्य में - वनस्पति शास्त्र की पुस्तक, एडिट पुस्तक,



अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र एवं शोध पत्र वाचन, वर्कशॉप अंतरराष्ट्रीय सेमिनार एवं बेविनार, पी.एच.डी. में मार्गदर्शन, नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में महाविद्यालय की ओर से प्रतिनिधित्व करने तथा गत 4 वर्षों से एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी के रूप में, मिले दायित्वों का बखूबी निर्वहन पर राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित होने का उन्हें प्रशंसनीय उपलब्धि मिली है।

डॉ.राधेश्याम नापित ने मिले राष्ट्रीय सम्मान पर कहाकि,- मैं अकेला सम्मान का हकदार नहीं हूं पूज्य माता - पिता व गुरुओं में डॉ दर्शन ठाकुर, डॉ संतोष कुमार मिश्रा, डॉ अमित निगम का रहा जिन्होंनें उन्हें छात्रावास मुहैय्या कराये, वहीं डॉ भरतशरण सिंह नें उन्हें जीवन जीने की शैली दिये, और प्राचार्य डॉ आर.सी. मिश्रा, एवं तत्कालीन प्राचार्य स्व. डॉ एस.के. सक्सेना एवं डॉ मुकेश तिवारी, डॉ धर्मेंद्र द्विवेदी, डॉ विनय सिंह, डॉ एन के श्रीवास्तव, डॉ के. कुमार नें अपना भरपूर मार्गदर्शन तथा स्नेह प्रदान किये।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नीलेश जैन, जनभागीदारी समिति सदस्य सुधाकर शमा,र् प्राचार्य श्रीमती डॉ.गंगा मिश्रा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार उपाध्याय, डॉ.एन. मानिकपुरी, डॉ स्वाकलीन खान, डॉ आई.के. बेक, डॉ मनोज कुजूर, डॉ. शिवमूरत प्रजापति, डॉ. अनूप सेन, डॉ ममता द्विवेदी, दीपा सिंह, कमलेश प्रजापति, दिनेश वर्मा, प्रो. जयशंकर सिंह, दीपक पटेल, रानी पटेल, अतिथि विद्वान डॉ सोमा मिश्रा, डॉ. बी.एन. उपाध्याय, डॉ नृपेन्द्र सिंह कर्चुली,एस.पी. साहु, रमेश वर्मा, अजीत कुमार साहू,हेमंत द्विवेदी, रितेश जैन, देवी दीन, टीकम सिंह, अजय जैन ने वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ राधे श्याम नापित को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी के हाथों राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष पहुंचे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता प्रेम कुमार त्रिपाठी के घर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने पर हुई गहन चर्चा



**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार अपने अनूपपुर प्रवास के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश सचिव पंडित प्रेम कुमार त्रिपाठी के निवास पर पहुँचे और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होने श्री त्रिपाठी से कांग्रेस की वर्तमान स्थिति और संगठन को और मज़बूत बनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। चर्चा के दौरान पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को, कोतमा के पूर्व विधायक सुनील सराफ तथा पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह भी मौजूद रहे। उमंग सिंघार का स्वागत श्री त्रिपाठी की धर्मपत्नी एवं पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती ऊषा त्रिपाठी, पुत्र एवं कांग्रेसी नेता आशीष त्रिपाठी तथा बहू, वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद डॉ. प्रवीण आशीष त्रिपाठी ने तिलक लगाकर किया। परिवार ने उनके संघर्षों को सफल परिणति मिलने की ईश्वर से प्रार्थना की। चर्चा के दौरान कांग्रेस नेताओं ने पंडित त्रिपाठी से मार्गदर्शन प्राप्त कर जिले में कांग्रेस को मजबूत करने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। उमंग सिंघार ने भी श्री त्रिपाठी से जिला कांग्रेस कमेटी को समय-समय पर मार्गदर्शन देने का निवेदन किया। यह मुलाक़ात न केवल एक संवेदनशील पहल रही बल्कि इसने कांग्रेस संगठन के उत्थान के लिए नए उत्साह और विश्वास का संचार भी किया।

### योजनाओं पर आयोजित हुई कार्यशाला

**अनूपपुर।** प्रमुख योजनाओ की जानकारी का केंद्र बनी कार्यशाला कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार, मेरा युवा भारत अनूपपुर के जिला युवा अधिकारी डॉ. आर आर सिंह व लेखा एवं कार्यक्रम सहायक मनीष कुमार चौहान के कुशल मार्गदर्शन पर आनंदम सोशल वेलफेयर सोसाइटी धनगंवा पूर्वी संस्था के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लपटा में प्रमुख योजनाओ पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे कार्यशाला के उद्घाटन सत्र मे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लपटा के प्राचार्य मेक श्याम साय ने माँ वीणा वादनी के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया तथा कार्यशाला के सफल उद्देश्य के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित किया एवं मुख्य वक्ता के रुप मे शासकीय उच्चतर माध्यमिक लपटा छात्रावास के अधीक्षक रामखेलावन राठौर द्वारा प्रमुख योजनाओं के बारे में सभी छात्र छात्राओ को विस्तार से जानकारी बताया गया। साथ ही शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लपटा के कंप्यूटर शिक्षक आनन्द तिवारी द्वारा छात्रों को प्रमुख योजनाओ के बारे मे जानकारी प्रदान किया।

### जैतहरी और अनूपपुर की सभाओं में बढ़ी चापलूसी की राजनीति

# कांग्रेस की सभा में जिलाध्यक्ष की 'सीएम' वाली बात से उमंग पर छाया 'विवाद'




### कार्यकर्ताओं ने लगाए 'मुख्यमंत्री' के नारे, भाजपा हुई हमलावर राजनीतिक गलियारे में चर्चा तेज, कांग्रेस संगठन पर उठे सवाल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के अनूपपुर प्रवास के दौरान हुए कार्यक्रमों ने अचानक पूरे प्रदेश की राजनीति को गरमा दिया है। सोमवार को आयोजित जैतहरी और अनूपपुर की सभाओं में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जोशीली मौजूदगी रही, लेकिन चापलूसी की राजनीति ने इसे विवादों में घेर दिया। खासकर अनूपपुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्याम सिंह गुड्डू चौहान द्वारा मंच से उमंग सिंगार को 'मुख्यमंत्री' कह देना न केवल प्रदेश कांग्रेस संगठन के लिए मुश्किल खड़ी कर गया, बल्कि भाजपा को भी हमला बोलने का नया मुद्दा मिल गया। 15 सितंबर को सोमवार को जैतहरी ब्लॉक मुख्यालय में ब्लॉक कार्यालय के सामने कांग्रेस की सभा आयोजित की गई थी। इस सभा में मंच पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू चौहान, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, पुष्पराजगढ़ विधायक फूंदेलाल सिंह मार्को, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राम अग्रवाल, जैतहरी जनपद अध्यक्ष राजीव सिंह, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू सिंह रिंकू समेत कई नेता मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए गुड्डू चौहान ने कहा कि "अगली बार हम सब उमंग सिंगार को मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहेंगे, आज हमारे बीच मुख्यमंत्री बैठे हैं।" इस बयान ने मानो कार्यकर्ताओं में जोश भर दिया और देखते ही देखते सभा का माहौल मुख्यमंत्री बनाने वाले नारों से गूंज उठा।

#### अनूपपुर में और तेज हुई गूंज

जैतहरी के बाद उमंग सिंगार शाम 4 बजे अनूपपुर जिला मुख्यालय पहुंचे, जहां सुनील सराफ और रमेश सिंह के नेतृत्व में अंडरब्रिज तिराहे पर आमसभा हुई। यहां कार्यकर्ताओं ने 'हमारा मुख्यमंत्री कैसा हो - उमंग सिंगार जैसा हो' के जमकर नारे लगाए। सोशल मीडिया मे इससे संबंधित तेजी वायरल हुए वीडियो में न केवल कार्यकर्ता बल्कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी नारे लगाते नजर आए। इनमें पूर्व विधायक सुनील सराफ, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सिंह, विधायक फूंदेलाल सिंह, वरिष्ठ नेता राम अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति सिंह, अवधेश आशीष त्रिपाठी, रियाज अहमद, पुरुषोत्तम चौधरी, राजीव सिंह समेत कई पदाधिकारी और कार्यवाहक अध्यक्ष करतार सिंह, संतोष पांडे, मनोज सराफ मौजूद रहे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में स्पष्ट दिखा कि जैतहरी की सभा से उपजे बयान के बाद ही अनूपपुर में कार्यकर्ताओं ने नारों की गूंज तेज की।

#### भाजपा को मिला नया मुद्दा

इस पूरे घटनाक्रम ने कांग्रेस को जहां असहज स्थिति में डाल दिया है, वहीं भाजपा ने इसे तुरंत भुनाने की कोशिश की। मंगलवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मंत्री विश्वास सारंग और रामेश्वर शर्मा सहित कई भाजपा नेताओं ने बयान जारी कर कांग्रेस को घेरा। भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस संगठन बिखरा हुआ है, और पदाधिकारी दिशा निर्देशों की अनदेखी कर चापलूसी में लिप्त हैं।



#### गुड्डू चौहान पर सवालों की बौछार

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस संगठन इन दिनों "सृजन अभियान" के तहत मजबूती की कवायद कर रहा है, लेकिन इस तरह के बेतुके और पूर्व निर्धारित दिशा-निर्देशों के खिलाफ बयान कांग्रेस की फजीहत कर रहे हैं। जिला कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू चौहान पर आरोप है कि उन्होंने वरिष्ठता का ध्यान नहीं रखा और महज नजदीकियां बढ़ाने के लिए उमंग सिंगार को मंच से मुख्यमंत्री घोषित कर दिया। चर्चा यह भी है कि इस बयान के पीछे अजय सिंह राहुल गुट की नजदीकियां छिपी हैं। आरोप है कि चौहान ने या तो चापलूसी में या फिर जानबूझकर सिंगार को विवादित करने के लिए यह बयान दिया।

#### कांग्रेस के लिए चुनौती

कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नारेबाजी और नेताओं की चापलूसी ने भाजपा को बैठे-बिठाए बड़ा मुद्दा थमा दिया है। अब सवाल यह है कि क्या कांग्रेस इस तरह की लापरवाहियों से उबर पाएगी या फिर गुटबाजी और बेतुके बयानों से उसकी राजनीतिक जमीन और कमजोर होगी। साफ है कि एक साधारण सभा में दिए गए बयान ने प्रदेश स्तर पर कांग्रेस की रणनीति को झटका दिया है और विपक्ष को हमले का मौका प्रदान किया है।

# प्रतिबंध के बावजूद खुले में मीट बेचना 'आदत' बनी

### रेल प्रशासन भी लापरवाह, हटने के बाद फिर शुरू हुआ मीट दुकान, स्थानीय रहवासी बदबू व गंदगी से परेशान

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/कोतमा। नगर के वार्ड क्रमांक सात में रेलवे लाइन के किनारे मुख्यमंत्री के आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाते हुए खुले में मांस की बिक्री किए जाने के संबंध में हरिभूमि ने मुहिम चलाते हुए कई बार प्रमुखता से समाचार प्रकाशित किया, लेकिन जिले के साथ ही स्थानीय प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है जिसके चलते लोगों मे प्रशासन के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है।**




#### रेल प्रशासन भी लापरवाह

रेलवे की भूमि पर मांस की दुकान लगाकर खुलेआम मीट दुकान संचालकों के द्वारा संचालित किया जा रहा है। पूर्व मे रेल प्रशासन ने इसे गंभीरता से लेते हुए रेलवे लाइन किनारे वर्षों से जमे मीट बाजार की दुकानों को रेलवे प्रशासन की टीम के द्वारा अभियान चलाकर हटाने की कार्यवाही की गई थी। बताया जाता है कि रेलवे विभाग के द्वारा पूर्व में ही कब्जेधारियों को दुकान हटाए जाने को कहा गया था, लेकिन दुकानदारों के द्वारा नहीं हटाया गया। रेलवे लाइन के बगल से लगभग 10 दुकानों का संचालन अस्थाई कब्जा कर लंबे समय से किया जा रहा था जिसकी दुर्गंध एवं बदबू से परेशान नागरिकों द्वारा लगातार रेलवे प्रबंधन एवं नगर पालिका से दुकान हटाने की मांग की जा रही थी। रेलवे पुलिस एवं आईओडब्लू की संयुक्त टीम के द्वारा कुछ माह पूर्व रेलवे कॉलोनी के पास स्थित मुर्गी बाजार पहुंचते हुए दुकानों को हटाने की कार्यवाही शुरू की गई थी। इस दौरान कुछ दुकानदारों द्वारा मामूली विरोध भी किया गया था जिसके बाद संयुक्त टीम द्वारा सभी दुकानो को हटाया गया, लेकिन फिर से मीट दुकानों का संचालन शुरू कर दिया गया है।

#### स्थानीय रहवासी दुर्गंध से परेशान

विदित रहे कि रेलवे लाइन किनारे वर्षों से एक दर्जन से ज्यादा मीट की दुकानें सजाई जाती है। जिससे आस पास रहने वाली घरों की महिलाएं एवं राहगीर दुर्गंध एवं गंदगी से परेशान रहते हैं। जहां पर बीच-बीच में रेलवे प्रबंधन दुकान हटाने की कार्यवाही करता है लेकिन कुछ दिनों बाद पुनः दुकान यथावत सज जाती हैं। इससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि रेलवे प्रशासन की लापरवाही के कारण मीट दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं। मीट बाजार के सामने मुख्य मार्ग भी है जिससे स्कूली छात्राएं, राहगीरों के साथ साथ महिलाओं का आवागमन पूरे दिन बना रहता है। सुबह मंदिर जाने वाली महिलाओं को रास्ते में पड़े मीट के टुकड़ों एवं दुर्गंध से शर्मसार होना पड़ता है। यहां तक कि जब वहां से लोग निकलते हैं तो मुंह एवं नाक मे कपड़ा ढक कर निकलते हैं कई दफा तो लोग मांस के दुर्गंध से उल्टी भी कर देते हैं।

#### आ रहा नवरात्रि पर्व

पांच दिनों बाद नवरात्रि पर्व शुरू हो जायेगा और श्रद्धालुओं का आवागमन इस मार्ग से सुबह से लेकर देर रात तक बना रहेगा जिसको लेकर अब हर जुबां पर यही चर्चा हो रही है कि क्या नवरात्रि पर्व पर भी खुलेआम मीट की दुकानें संचालित रहेगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश के बाद भी खुले मे मीट दुकानों का संचालन मुख्य मार्ग एवं रिहायशी क्षेत्र मे हो रहा है पहले तो ग्रीन पर्दा लगा दिया गया था लेकिन अब तो खुलेआम मीट दुकानों में मृत बकरा की चमड़ी निकाल कर लटका कर बिक्री की जा रही है यह विभत्स दृश्य देखकर लोग और भी परेशान हो रहे हैं। रिहायशी क्षेत्र से मीट दुकानें हटाए जाने नागरिकों ने जिला एवं स्थानीय प्रशासन से मांग की है।

#### इनका कहना है

आज ही नगर पालिका अधिकारी को निर्देश देते हुए वार्ड क्रमांक सात रेलवे कॉलोनी के पास से मीट दुकानों को हटवाने की कार्यवाही के निर्देश देता हूं।

**अजय सराफ, अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद कोतमा**

# बाहरी व्यक्तियों द्वारा विद्युत पोलों व लाइनों पर कार्य करना निषिद्ध

### वैधानिक और दंडात्मक कार्यवाही की चेतावनी

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता अरूणेन्द्र प्रसाद मौर्य ने कहा कि विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधान के अनुसार बिजली कार्मिकों के अलावा बाहरी व्यक्तियों का बिजली के खंबों पर चढ़ना और लाइन पर कार्य करना निषिद्ध है। विद्युत विभाग के अधिकृत कार्मिक को ही नियमानुसार सभी सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करते हुए बिजली खंबों पर चढ़ कर सुधार कार्य करने का अधिकार प्राप्त है। अधिकृत बिजली कार्मिकों के अतिरिक्त अन्य कोई बाहरी व्यक्ति बिजली के खंबों या ट्रांसफार्मरों पर चढ़ कर सुधार कार्य न करें। बाहरी व्यक्ति द्वारा विद्युत खंबे में चढ़ने से यदि किसी प्रकार की कोई भी घातक/अघातक विद्युत दुर्घटना होती है, तो उस दुर्घटना के लिए वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा एवं किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति के लिये मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का दायित्व नहीं होगा। कार्यपालन अभियंता ने कहा कि अरूणेन्द्र प्रसाद मौर्य ने कहा कि यदि कोई बाहरी व्यक्ति निर्देशों का उल्लंघन करते हुए अनाधिकृत रूप से बिजली के खंबों या ट्रांसफार्मरों आदि पर चढ़कर विद्युत लाइन में सुधार कार्य या किसी प्रकार की छेड़खानी आदि करते हुए पाया जाता है या ऐसी जानकारी प्राप्त होती है, तो तत्काल प्रभाव से उस व्यक्ति के विरूद्ध वैधानिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।



#### जिले के सभी उपभोक्ताओं से अपील

कार्यपालन अभियंता अरूणेन्द्र मौर्य ने जिले के समस्त उपभोक्ताओं से अपील की है कि सभी अपने घरेलू एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में विद्युत वितरण कंपनी के नियमानुसार कनेक्शन प्राप्त करते हुए ही विद्युत का उपयोग करें। ऐसे उपभोक्ता जिनके घरेलू एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में विद्युत कनेक्शन पूर्व से है और स्वीकृत भार कम है, वे उपभोक्ता अपने वर्तमान भार को संबंधित वितरण केंद्र में आवेदन करते हुए नियमानुसार भार वृद्धि करवाएं। आगामी नवरात्रि के त्यौहार को देखते हुए कार्यपालन अभियंता श्री मौर्य ने यह भी अपील की है कि समस्त दुर्गा पंडालों में स्थापना के पूर्व से ही विधिवत अस्थाई कनेक्शन प्राप्त करते हुए ही आयोजन करें, बिना अस्थाई कनेक्शनों वाले पंडालों में समिति के अध्यक्ष के नाम से विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत विजिलेंस/ओ.एंड.एम. टीम द्वारा प्रकरण बनाकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए जायेंगे। पंडालों में साज सज्जा और प्रकाश हेतु सही क्षमता और उच्च गुणवत्ता वाली वायर का उपयोग करें, कटी फटी तारों का उपयोग न करें। ट्रांसफार्मरों और विद्युत लाइनों के नजदीक दुर्गा पंडालों को न लगाए, उचित और मानक दूरी बनाकर ही पंडाल सजाए जिससे किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना न हो।

# अभिभाषक संघ कोतमा चुनाव में राजेश सोनी चौथी बार चुने गये अध्यक्ष

### 6 पदों के लिए 20 दावेदारों के बीच मतदान शांतिपूर्ण ढंग संपन्न

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** निर्वाचन अधिकारी उपेंद्र सिंह रामप्रकाश शुक्ला ने बताया कि कुल 373 मतदाओं मे से 332 अधिवक्ता मतदाताओं ने मतदान मे हिस्सा लिया।जिसके परिणाम देर शाम मतगणना उपरांत निर्वाचन अधिकारी के द्वारा घोषित किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद मे राजेश सोनी ने भारी मतों से चौथी बार परचम लहराया। उन्होंने 226 मत प्राप्त कर राकेश शर्मा जिन्हें 78 मत प्राप्त हुए एवं राम-लखन विश्वकर्मा को 26 मत तथा अमरेन्द्र सिंह को बीस मत मिले पछालते हुए जीत का परचम लहराया। उपाध्यक्ष पद के लिए कडा मुकाबला हुआ जिसमें इकबाल अहमद को 124 मत तथा अमृत लाल केवट को 116 अनुज सोनी को 90 मत मिले जबकि 2 बोट निरस्त हुए। सचिव पद पर पंकज मिश्रा ने 113 मत पाकर विजय हासिल किया। उनके प्रतिद्वंद्वी सुषमा कैथल को 63 मो यूनुस को 62 जसबीर सिंह को 48 मत संजीव जायसवाल को 45 मत इस प्रकार एक मत निरस्त किया गया। कोषाध्यक्ष पद मे कमलेश यादव ने 124 मत पाकर जीत हासिल किया। सह सचिव के लिए शिवम सिंह ने 140 मतों से जीत हासिल किया। पुस्तकालय प्रभारी के लिए मनोज कुमार बारी ने 191 मत प्राप्त कर अन्नू विश्वकर्मा को हराते हुए जीत दर्ज की।



#### चौथी बार लहराया परचम

अधिवक्ता संघ का चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न होने के बाद सभी निर्वाचित पदाधिकारी बैंड बाजे के साथ नगर के गांधी चौक पहुंचकर गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया उनके समर्थकों ने जमकर पटाखे फोड़ते हुए मिठाई बांटी। अधिवक्ता संघ के चौथी बार बने अध्यक्ष राजेश सोनी ने चौथी बार जीत का परचम लहराते हुए जैसे ही अपने घर पहुंचे घर के सामने ही भारी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे पत्नी सहित परिवार के सदस्यों ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया।



# प्रभारी मंत्री ने जिला चिकित्सालय में आयोजित शिविर का किया निरीक्षण

### स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के अंतर्गत आयोजित हुआ शिविर

**हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।** मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री एवं अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने आज जिला चिकित्सालय में ''स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार'' अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने दिव्यांगजन, नेत्र, दांत, श्रवण यंत्र, मानसिक स्वास्थ्य, अस्थि एवं अन्य चिकित्सा सेवाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ग्राम सकरिया तहसील अनूपपुर के सोनवा कोल से उनके स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली तथा जिला चिकित्सालय में उपलब्ध सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। प्रभारी मंत्री ने नवजात शिशु को जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान कराने वाली श्रीमती शकुंतला सिंह को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनकी सराहना की। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिला चिकित्सालय में सेवाओं की गुणवत्ता और सभी स्वास्थ्य सुविधाओं का समुचित लाभ सभी नागरिकों तक सुनिश्चित करना प्राथमिकता हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य शिविरों का प्रभावी संचालन और नियमित निरीक्षण जारी रखा जाए, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुँच सके। इस दौरान कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक ोती उर रहमान, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती पार्वती वाल्मीकि राठौर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के पूर्व अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# शहीद राजा शंकरशाह और राजा रघुनाथ शाह स्वतंत्रता संग्राम के अनसुने नायक-डॉ विकास चंदेल



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जहाँ एक ओर 1857 की क्रांति को पहली संगठित लड़ाई माना जाता है, वहीं कई ऐसे जननायक भी रहे जिन्होंने अंग्रेज़ी हुकूमत के खिलाफ अपनी आवाज़ उठाई, लेकिन इतिहास में उन्हें उतनी जगह नहीं मिल सकी।**

मध्यप्रदेश की धरती पर जन्मे गोंडवाना साम्राज्य के शासक राजा शंकरशाह और उनके पुत्र राजा रघुनाथ शाह इन्हीं अनसुने नायकों में गिने जाते हैं। राजा शंकरशाह गढ़ मंडला (तत्कालीन जबलपुर रियासत) के गोंड राजा थे। वे अपनी प्रजा के बीच न्यायप्रिय और सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षक के रूप में प्रसिद्ध थे। 1857 में जब पूरे देश में आज़ादी की लहर उठी, तब शंकरशाह और उनके पुत्र रघुनाथ शाह ने भी अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के विरुद्ध बगावत का बिगुल फूँका। दोनों ने गुप्त रूप से क्रांतिकारियों को सहयोग दिया और जनमानस में स्वतंत्रता की चेतना जगाई। उन्होंने अपनी कविताओं और गीतों के माध्यम से लोगों को अंग्रेज़ों के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया।

#### आज की प्रासंगिकता

आज राजा शंकरशाह और राजा रघुनाथ शाह को गोंडवाना और मध्यप्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे भारत में स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूतों के रूप में याद किया जाता है। उनकी शहादत इस बात का प्रतीक है कि भारत की आज़ादी सिर्फ़ कुछ नेताओं की नहीं, बल्कि अनगिनत अनसुने नायकों के बलिदान से मिली।

राजा शंकर शाह लोक कल्याण के साथ लोक संस्कृति और लोक मान्यता को जनमानस में प्रसारित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। विभिन्न इतिहासकारों के अनुसार मां राजराजेश्वरी को कुलदेवी के रूप में धारण करके राजा शंकर शाह प्रकृति पूजा तथा अपने पूर्वजों आराधना की परंपरा का निर्वहन किये, इसके साथ ही अन्य हिंदू देवी-देवताओं के मंदिर के संरक्षण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। मंडला से लेकर जबलपुर तक नर्मदा के तटीय क्षेत्रों में आध्यात्मिक भावधारा वातावरण में आज भी राजा रघुनाथ शाह के वीरगाथा का वर्णन पारंपरिक गीतों में देखने को मिलता है। सरकार और समाज को चाहिए कि उनके योगदान, विचार तथा परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुँचाया जाए, ताकि स्वतंत्रता के सही अर्थ और इसकी क़ीमत का एहसास बना रहे।